# BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 25 अप्रैल, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** थाना पहासू

**वृद्ध महिला की हत्या कर चोरी की घटना में वांछित बाइक सवार शातिर बदमाशों के साथ थाना पहासू पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक व चोरी के 02 इन्वर्टर बैटरा बरामद।**

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 25.04.2025 की सुबह थाना पहासू पुलिस टीम जटौला नहर पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर पुलिया से कच्चे रास्ते की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसको उसके 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. जीतू पुत्र मुकेश शर्मा निवासी ग्राम साबितगढ़ थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर(घायलावस्था) 02.राकेश पुत्र अशोक निवासी ग्राम जटौला थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 बाइक व चोरी के 02 इन्वर्टर/बैटरा बरामद हुए है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके द्वारा दिनांक 22.04.2025 को थाना पहासू क्षेत्रान्तर्गत ग्राम साबितगढ़ में घर में चोरी की घटना करने व चोरी का विरोध करने पर बुजुर्ग महिला की चम्मचों से गले पर वार कर हत्या कर इन्वर्टर/बैटरा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मुअसं 121/25 धारा 331(8) बीएनएस पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता-**

01. जीतू पुत्र मुकेश शर्मा निवासी ग्राम साबितगढ़ थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर(घायलावस्था)
02. राकेश पुत्र अशोक निवासी ग्राम जटौला थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर

**बरामदगी-**

1- 02 तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 ब्लैक स्प्लेंडर बाइक (यूपी 13 बीजे 1684)
3- चोरी के 02 इन्वर्टर/बैटरा।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**अभियुक्त जीतू का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं 121/25 धारा 331(8)/317(2) बीएनएस थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं 122/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

**अभियुक्त राकेश का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं 121/25 धारा 331(8)/317(2) बीएनएस थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं 122/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- उ0नि0 श्री सोमनाथ राय थानाध्यक्ष पहासू।
2- व0उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र बालियान, उ0नि0 श्री संजय सिंह, है0का0 सिद्धार्थ यादव, का0 सत्यवीर, का0 लोकेश।





**मीडिया सेल बुलंदशहर**